पशुपालक मित्र 4(4): 17-18 ; अक्टूबर, 2024
ISSN: 2583-0511 (Online), www.pashupalakmitra.in

राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत भेंड़ / बकरी पालन योजना: स्वरोजगार का उत्तम विकल्प

डॉ. संजय कुमार मिश्र[1] एवं डॉ. श्रीप्रकाश पाण्डेय[2]

[1]उप-निदेशक/सहायक नोडल अधिकारी
राष्ट्रीय पशुधन मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
[2]मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

उपरोक्त योजनान्तर्गत भेड़ / बकरी पालन में रुचि रखने वाले पशुपालकों के लिए उद्यमिता विकास के बड़े नए अवसर आप के पास है। खुद विकास के साथ साथ आप रोजगार सृजन में सहयोगी बनेंगे।

*प्रत्येक प्रोजेक्ट की पूंजीगत लागत की **50 %** सब्सिडी लाभार्थी को प्रदान की जायेगी*

विकल्प-1: यदि आपके पास एक एकड़ भूमि है तो आप **100** भेड़/ बकरी और पांच नर भेड़/ बकरी पाल सकते हैं। आपको **1800** वर्ग फीट पर आवास (शेड) बनाना होगा और **1800** वर्ग फिट क्षेत्र खाली रखना होगा I

पूरा प्रोजेक्ट **20** लाख रुपए का होगा जिसमें **₹ 2** लाख आपको मार्जिन मनी लगानी होगी। **18** लाख रुपए आप बैंक ऋण लेंगे **I 05** लाख रुपए **25%** कार्य पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी दी जाएगी। **100%** कार्य पूर्ण होने पर अवशेष धनराशि **05** लाख भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी दी जाएगी I

विकल्प-2: इसी प्रकार यदि आपके पास दो एकड़ भूमि है तो आप **200** भेड़ / बकरी एवं **10** नर भेड़ / बकरा पाल सकते हैं । आपको **3600** वर्ग फीट पर आवास बनाना होगा और **3600** वर्ग फिट खाली रखना होगा। यह पूरी योजना **40** लाख की होगी जिसमें आपको **₹ 4** लाख मार्जिन मनी लगाना होगा। **36** लाख रुपए आप बैंक से ऋण लेंगे **I 10** लाख रुपए **25%** कार्य पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी दी जाएगी। **100%** कार्य पूर्ण होने पर अवशेष धनराशि **10** लाख भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी मिलेगी।

विकल्प-3: यदि आपके पास तीन एकड़ भूमि है तो आप **300** भेड़/ बकरी एवं **15** नर भेड़ /बकरी पाल सकते हैं । आपको **5400** वर्ग फीट पर आवास बनाना होगा और **5400** वर्ग फिट खाली रखना होगा । पूरा प्रोजेक्ट **60** लाख का होगा। उसको **6** लाख मार्जिन मनी लगानी होगी। **54** लाख बैंक ऋण लेना होगा। **15** लाख रुपए **25 %**कार्य पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी दी जाएगी। **100%** कार्य पूर्ण होने पर अवशेष धनराशि **15** लाख भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी दी जाएगी ।

विकल्प-4: यदि आपके पास चार एकड़ भूमि है तो आप **400** भेड़ / बकरी एवं **20** नर भेड़ / बकरी पाल सकते हैं । आपको **7200** वर्ग फीट पर आवास बनाना होगा और **7200** वर्ग फिट खाली रखना

ISSN: 2583-0511 (Online), www.pashupalakmitra.in

होगा । पूरा प्रोजेक्ट **80** लाख का होगा जिसमें से आपको **₹8** लाख मार्जिन मनी लगानी होगी। **72** लाख रुपए आप बैंक ऋण लेंगे । **20** लाख रुपए **25%** कार्य पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी दी जाएगी। **100%** कार्य पूर्ण होने पर अवशेष धनराशि **20** लाख भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी मिलेगी।

विकल्प-5: इसी प्रकार यदि आपके पास **5** एकड़ भूमि हो तो आपको **9000** वर्ग फीट पर आवास बनाना होगा, **9000** वर्ग फिट खाली रखना होगा। आप **500** भेड़/ बकरी एवं **25** नर भेड़ / बकरी पाल सकते हैं । आपको पूरा प्रोजेक्ट एक करोड़ का होगा जिसमें से **10** लाख रुपए आपको मार्जिन मनी लगानी होगी । **90** लाख रुपए आप बैंक ऋण लेंगे ।

25 लाख रुपए **25%** कार्य पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी दी जाएगी। **100%** कार्य पूर्ण होने पर अवशेष धनराशि **25** लाख भारत सरकार द्वारा आपको सब्सिडी मिलेगी ।

*सभी प्रोजेक्टस में प्रोजेक्ट की कुल लागत का **10%** अंश लाभार्थी द्वारा वहन किया जाएगा और शेष धनराशि का बैंक द्वारा लोन कराया जाएगा **।***

सभी योजनाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आप * **https://nlm.udyamimitra.in*** पर जाकर ले सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं ।

आवेदन के समय आवश्यक दस्तावेज

- अपनी भूमि के दस्तावेज/ अपनी भूमि कम होने अथवा न होने पर रजिस्टर्ड लीज की भूमि के दस्तावेज
- भेड़ /बकरी पालन का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र
- पिछले **6** माह का बैंक स्टेटमेंट
- आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, बैंक का निरस्त चेक
- भेड़ /बकरी पालन करने के स्थान का जियो टैग फोटोग्राफ
- भूमि का नजरी नक्शा

विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि ।